रत्नागिरी-कोल्हापुर रेल लाइन को कोंकण रेल परियोजना में शामिल किया जाना

1801. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 115 किलोमीटर लम्बी प्रस्तावित रत्नागिरी-कोल्हापुर रेल लाइन को कोंकण रेल परियोजना में शामिल करने के लिए अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस मामले में क्या निर्णय लिया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका): (क) जी, हां।

(ख) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधान मंत्री को 31.8.93 को भेजे गए ज्ञापन में यह मांग शामिल की गई थी।

(ग) कोंकण रेलवे संरेखण के साथ जोड़ने के लिए कोल्हापुर-रत्नागिरी नई रेल लाइन के निर्माण पर मौजूदा मूल्यों के आधार पर 250 करोड़ रु० खर्च होंगे क्योंकि यह खंड पर्वतीय भूभाग से गुजरता है। संसाधनों की अत्यधिक तंगी के कारण, परियोजना पर फिलहाल विचारना व्यावहारिक नहीं पाया गया है। सरकार को समुचित रूप से सूचित कर दिया गय

महाराष्ट्र में रेल मार्ग

1802. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव f** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र सरकार द्वारा 15 नवम्बर, 199३ रेल मार्गों के संबंधों में भेजे गये प्रस्ताव का ब्यौर है;

(ख) प्रस्तावित रेल मार्गों की कुल लम्बाई है;

(ग) जनसाधारण की मांग और आवश्यकता ध्यान में रखते हुए सरकार किन-किन योजना अपने कार्यान्वयन कार्यक्रम में शामिल करने का रखती है; और

(घ) सरकार द्वारा अन्य मार्गों को अपने व में शामिल न करने के क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० लेंका): (क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र में मौजूदा रेल मार्गों के आमान परिवर्त नई रेल लाइनों के निर्माण के लिए भेजे गए तथा उनकी कि०मी० में लम्बाई इस प्रकार है:

आमान परिवर्तन परियोजनाएं	नई लाइन परियोजनाएं
1. औरंगाबाद-परभनी (169 कि०मी०)	1. वर्धा-यावतमल-पुसद-नांदेड (182 कि०मी०)
2. परभनी-मुदखेड-आदिलाबाद (126 कि०मी०)	2. बीड-अहमदनगर-पर्ली वैजनाथ (274 कि०मी०)
3. गोंदिया-चांदा फोर्ट (242 कि०मी०)	3. अमरावती-नरखेड़ (138 कि०मी०)
4. शोलापुर-बीजापुर (109 कि०मी०—महाराष्ट्र में 35 कि०मी०	4. मनमाड-मालेगांव-धूले-नरदाना (154 कि०मी०)
5. धोंड-बारामती (42 कि०मी०)	5. खामागांव-जालना (155 कि०मी०)
6. मिरज-लातूर (359 कि०मी०)	6. पंधारपुर-स्लोनन्द (145 कि०मी०)
7. पाचोरा-जामनेर (56 कि०मी०)	7. कोल्हापुर-रत्नागिरि (115 कि०मी०)
8. नागपुर-नागभीड (120 कि०मी०)	8. शोलापुर-बीड़-औरंगाबाद-चालीसगांव (300 कि०मी०)
	9. पुणे-नासिक (190 कि०मी०)
	10. कलवा-तुर्भे (13.0 कि०मी०)
	11. बेलापुर-पनवेल (11.0 कि०मी०)
	12. बेलापुर-न्हावा शेवा-उरन (23.0 कि०मी०)